# कार्यवाही विवरण

**मेसर्स हिन्द इनर्जी एण्ड कोल बेनिफिसिएशन (इंडिया) लिमिटेड, ग्राम–हिण्डाडीह, तहसील–मस्तुरी, जिला–बिलासपुर (छ.ग.) में प्रस्तावित कोल वॉशरी (ड्राई टाईप)–2.4 एमटीपीए से तकनीक परिवर्तन कर कोल वॉशरी (वेट टाईप) 2.4 एमटीपीए, संयुक्त क्षमता 3.6 एमटीपीए (वेट टाईप) के पर्यावरणीय स्वीकृति बावत् दिनांक 05.04.2017, दिन–बुधवार समय 12.00 बजे, स्थान–शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला प्रांगण, ग्राम–खांडा, तहसील–मस्तूरी, जिला–बिलासपुर (छ.ग.) में आयोजित लोकसुनवाई का कार्यवाही विवरणः–**

भारत शासन पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली की ई.आई.ए. नोटिफिकेशन 14.09.2006 के अंतर्गत मेसर्स हिन्द इनर्जी एण्ड कोल बेनिफिसिएशन (इंडिया) लिमिटेड, ग्राम–हिण्डाडीह, तहसील–मस्तुरी, जिला–बिलासपुर (छ.ग.) में प्रस्तावित कोल वॉशरी (ड्राई टाईप)–2.4 एमटीपीए से तकनीक परिवर्तन कर कोल वॉशरी (वेट टाईप) 2.4 एमटीपीए, संयुक्त क्षमता 3.6 एमटीपीए (वेट टाईप) के पर्यावरणीय स्वीकृति के संबंध में लोक सुनवाई हेतु उद्योग के आवेदन के परिपेक्ष्य में समाचार पत्रों नवभारत, बिलासपुर दिनांक 01.03.2017 एवं इंडियन एक्सप्रेस, नई दिल्ली दिनांक 01.03.2017 में लोक सुनवाई संबंधी सूचना प्रकाशित करवाई गई थी। तद्नुसार लोक सुनवाई **दिनांक 05.04.2017, दिन–बुधवार समय 12.00 बजे** अतिरिक्त कलेक्टर, जिला–बिलासपुर की अध्यक्षता में **स्थान–शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला प्रांगण, ग्राम–खांडा, तहसील–मस्तूरी, जिला–बिलासपुर** (छ.ग.) में आयोजित की गई। ई.आई.ए. अधिसूचना 14.09.2006 के प्रावधानों के अनुसार ड्राफ्ट ई.आई.ए. रिपोर्ट एवं कार्यपालक सार की प्रति एवं इसकी सी.डी. जन सामान्य के अवलोकन हेतु कार्यालय कलेक्टर–बिलासपुर, जिला पंचायत कार्यालय–बिलासपुर, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र–बिलासपुर, क्षेत्रीय कार्यालय छत्तीसगढ़, पर्यावरण संरक्षण मंडल बिलासपुर, कार्यालय ग्राम पंचायत **हिण्डाडीह,** कार्यालय ग्राम पंचायत **खांडा**, कार्यालय ग्राम पंचायत **धनिया**, कार्यालय ग्राम पंचायत **बनियाडीह**, कार्यालय ग्राम पंचायत **चुहली**, कार्यालय ग्राम पंचायत **गुड़ी**, कार्यालय ग्राम पंचायत **नवागांव,** कार्यालय ग्राम पंचायत **सीपत**, तहसील–मस्तूरी, जिला–बिलासपुर (छ.ग.), डायरेक्टर पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार, इंदिरा पर्यावरण भवन, जोरबाग रोड, नई दिल्ली, मुख्य वन संरक्षक, क्षेत्रीय कार्यालय (डब्लयू.सी.

जेड.) पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार, ग्राऊण्ड फ्लोर ईस्ट विन्ग, न्यू सेक्रेटरियेट बिल्डिंग, सिविल लाईन्स, नागपुर (महाराष्ट्र), मुख्यालय छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, पर्यावास भवन, नार्थ ब्लॉक, सेक्टर–19, नया रायपुर (छ.ग.) में रखी गई थी। उक्त परियोजना के संबंध में सुझाव, विचार, टीका–टिप्पणियां एवं आपत्तियां इस सूचना के जारी होने के दिनांक से 30 दिन के अंदर क्षेत्रीय कार्यालय, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, पं. दीनदयाल उपाध्याय पार्क के पास, व्यापार विहार, जिला–बिलासपुर में मौखिक अथवा लिखित रूप से कार्यालयीन समय में प्रस्तुत करने हेतु आमंत्रित किया गया था। लोक सुनवाई की निर्धारित तिथि तक क्षेत्रीय कार्यालय, छ.ग. पर्यावरण संरक्षण मंडल, पं. दीनदयाल उपाध्याय पार्क के पास, व्यापार विहार, जिला–बिलासपुर में मौखिक अथवा लिखित रूप से उक्त परियोजना के संबंध में **19** पत्रों के माध्यम से सुझाव, विचार, टीका–टिप्पणियां एवं आपत्तियां प्राप्त हुई हैं।

लोक सुनवाई हेतु निर्धारित तिथि **दिनांक 05.04.2017, दिन–बुधवार समय दोपहर 1.23 बजे** अतिरिक्त कलेक्टर, जिला–बिलासपुर की अध्यक्षता में **स्थान–शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला प्रांगण, ग्राम–खांडा, तहसील–मस्तूरी, जिला–बिलासपुर** (छ.ग.) में लोक सुनवाई की कार्यवाही आरंभ की गई।

सर्वप्रथम श्री के. डी. कुंजाम, अतिरिक्त कलेक्टर, जिला–बिलासपुर द्वारा लोक सुनवाई की कार्यवाही आरंभ करने की अनुमति के साथ डॉ. अनीता सावंत, क्षेत्रीय अधिकारी, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, बिलासपुर द्वारा भारत शासन, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा जारी ई.आई.ए. नोटिफिकेशन 14.09.2006 के परिपेक्ष्य में लोक सुनवाई के महत्व एवं प्रक्रिया के संबंध में विस्तृत जानकारी जनसामान्य को दी गई।

परियोजना प्रस्तावक की ओर से श्री सुभाशिष मित्रा, महाप्रबंधक **मेसर्स हिन्द इनर्जी एण्ड कोल बेनिफिसिएशन (इंडिया) लिमिटेड, ग्राम–हिण्डाडीह, तहसील–मस्तुरी, जिला–बिलासपुर (छ.ग.)** के द्वारा पर्यावरण पर पड़ने वाले प्रभाव को नियंत्रित करने हेतु समुचित व्यवस्था एवं जल एवं वायु प्रदूषण नियंत्रण हेतु आधुनिक तकीनीक पर आधारित उपकरणों के संबंध में संक्षिप्त जानकारी मौखिक रूप से उपस्थित जन समुदाय को अवगत कराया गया।

तत्पश्चात् अतिरिक्त कलेक्टर द्वारा उपस्थित जनसमुदाय को जनसुनवाई संबंधी विषय पर अपने सुझाव, आपत्ति, विचार, टीका–टिप्पणी मौखिक अथवा लिखित रूप से प्रस्तुत करने हेतु आमंत्रित किया गया।

तत्पश्चात उपस्थित लोगों ने मौखिक रूप से सुझाव, विचार, टीका–टिप्पणियां दर्ज कराया। जिसका विवरण निम्नानुसार है :–

1. **श्री शत्रुघन भास्कर, ग्राम–हिण्डाडीह :**–10–12 वर्षो से कोल केशर का कार्य सुचारू रूप से चल रहा है। कोल वॉशरी का उत्पादन सुचारू रूप से चल रहा है। धूल उडना बंद हो गया है। पर्यावरण की क्षति में कमी आई है। केशर में जल छिडकाव किया जाता है। रोड पर स्प्रींकिलर्स लगाया गया है। रोड पर जल छिडकाव कराया जाता है। ड्राई से वेट टाईप पर आधारित कोल वॉशरी की जनसुनवाई जनहित में है। यह जनसुनवाई कराया जा रहा है जो पर्यावरण की सराहनीय कदम है। देश के विकास से जुडा योजना है। बिजली एवं लोहा के निर्माण में कोयला काम आता है। हमारे गांव का नाम रोशन करने में वाशरी का हाथ है। ड्राईवर, हेल्पर, वाहन चलाकर तथा कुछ लोग भोजनालय खोलकर अपना जीवन यापन कर रहे है। लोगों का भरण–पोषण हो रहा है। अच्छे बुरे की समझ लोग रखते है। आसपास के लोगों को काम मिल रहा है। हम सभी लोगों को अच्छा सोच रखना होगा। सभी को काम नहीं मिल सकता। विकास संबंधी कुछ मांगे है पानी की व्यवस्था कराये। पानी की समस्या का निदान करें। निस्तारी सडक का पक्कीकरण करें। जरूरत हो तो जरूरतमंद लोगों को काम में ले। सभी लोगों से अनुरोध है इस लोक सुनवाई को सफल बनाये। मै समर्थन करता हूं।

2. **श्री प्रमोद जायसवाल, धनिया सरपंच :**–सूखा कोयला के जगह गीला कोयला के लिए जन सनुवाई है, मै समर्थन करता हूॅ। धनिया ग्राम का सर्वे होना चाहिए। किसान को लाभ होना चाहिए। धनिया के 10 प्रतिशत लोगो को रोजगार दिया है` 25 प्रतिशत लोगो को रोजगार दिया जाये। सीएसआर मद से स्कूल में पुस्तक कॉपी प्रदान करें। वॉशरी द्वारा पेड–पौधो को पानी दिया जाता है धन्यवाद। वॉशरी के बाहर एक शौचालय का निर्माण किया जाये। गाडी कम उम्र के लोग लपरवाही पूर्वक चलाते है एवं तालपतरी नहीं लगा रहे है। अन्याय किया जा रहा है। वॉशरी प्रभावित तालाब के पास बोर हो, जिससे पानी गिरता रहे। आम जनता सुविधा पाये। सीएसआर से हर पंचायत में गौशाला खोला जाये। कम्प्यूटर प्रशिक्षण हर पंचायत में और युवा केन्द्र हर पंचायत में खोले। सर्मथन करता हूॅ। इससे हमको सुविधा मिला है। स्वास्थ शिविर लगना चाहिए। आम जनता सुविधा पाये। सीएसआर मद से पटवारी के बैठने का भवन बना दे। मितानिन को सुविधा दी जाये। साईकिल भी प्रदान करें। किसान को उत्तम खेती का प्रशिक्षण कराया जाये। प्रत्येक बेरोजगार को रोजगार देने की व्यवस्था करें। कोल वॉशरी को मै धन्यवाद देता हूं। ग्राम पंचायत धनिया की ओर से बधाई देता हूॅ, समर्थन देता हूॅ। ज्यादा से ज्यादा मुआवजा दे।

3. **श्री माखन लाल श्रीवास, ग्राम–भदरापारा :–**मै कृषक मित्र हूॅ। कोल वॉशरी का प्रदूषित पानी खेतो में बहता है। जल एवं वायु प्रदूषण होता है। कोयले के डस्ट से सब काला हो जाता है। जीवन समाप्त होता है। खेतों में डस्ट जमा होता है। आजीवन मुआवजा दे। सर्वे कराकर सही सलामत मुआवजा दे। मुआवजा 10, 20 प्रतिशत देता है जो गलत है। कोल वॉशरी 10 बना ले, लेकिन किसानो का नुकसान न करें। पर्यावरण विभाग से जांच कराये। प्रदूषण के बारे में। दुफसली में एक फसल मुआवजा देता है अजीवन मुआवजा दे। अधिकारी साल भर पैसा पाते है किसान एक बार पैसा पाता है। हमारे बात में ध्यान दे हम लोग किसान है। हम अन्नदाता हैं।

4. **श्री मदन सिंह कंवर, खांडा :–**कोल वॉशरी 10–12 साल हो गया है। किसान को कोई फायदा नहीं हो रहा है। गरीब का कोई नही सुनता है। खांडा से कोल वॉशरी को हटाने में 1 घंटा नहीं लगेगा। आज पंच सरपंच बता दे किस गरीब को नौकरी दिया है। मै भी गरीब किसान का बेटा हूॅ, मै अपने से जीता हूॅ। पब्लिक को क्या फायदा हुआ है ? आज तक, बताये।

5. **श्री रोशनलाल जायसवाल, ग्राम–धनिया :–** कोल वॉशरी द्वारा विकास कार्य के लिए सीएसआर मद से जो भी खर्च किया जाता है वह उनकी अपनी क्षमता है, बताया जाता है कि डस्ट प्रदूषण कम हो जायेगा। पर्यावरण के नुकसान के लिए हरियाली ग्रीन बेल्ट बनाई जाये। किसानो को उचित मुआवजा मिलना चाहिए। राहत मिलनी चाहिए। इसे बनाने में हमें किसी प्रकार की आपत्ति नहीं है।

6. **श्री राजेन्द्र धीवर पूर्व सरपंच सीपत :–** करीब 10 वर्षो से यह वाशरी संचालित है। लोगों को रोजगार मिले। प्रभावित लोगों को रोजगार उपलब्ध कराये। धूल उडता था खेत में जाता था वह अब नहीं उडेगा क्षमता भी बढ रही है अच्छी बात है। हम कोल वॉशरी का पूर्ण समर्थन करते है। स्वास्थ्य परीक्षण, दवाई वितरण करनी चाहिए। पर्यावरण संतुलन बना रहे। समर्थन करता हूॅ।

7. **श्री नारायण दास मानिकपुरी, खांडा :–** वॉशरी में आवेदन दिया जाता है घुमा दिया जाता है। कोल वॉशरी का पानी नाला में न जाये, बेरोजगारो को रोजगार दे। शराब, गांजा पीकर डयूटी न आये, बार–बार आंदोलन न करें। हमारे गांव में पानी की व्यवस्था के लिए बोर, तालाब, पचरी की व्यवस्था कराया जाये। हम महुआ के फूल का 5000 रूपये की निलामी करते थे। नवरात्रि में आज एक रूपये का भी महुआ नहीं पा रहे है। हमारी समस्या दूर करे।

8. **श्री प्रदीप पाण्डेय, सीपत :–** आप धूल से मुक्ती दिला रहे है। पहले धूल उडती थी अब धूल नहीं रहेगी। सुरक्षित जीवन की सोच अच्छी पहल है। स्वास्थ्य, पानी, बिजली हर सुविधा उपलब्ध कराये। स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध कराये। वॉशरी को सहयोग के आकांक्षा के साथ समर्थन करता हूॅ, एवं बधाई देता हूॅ।

9. **श्री नागेश्वर प्रसाद पाटनवार, खांडा :–**हम जाये तो जाये कहां ? वॉशरी को रोजगार के लिए विज्ञापन जारी करना चाहिए। जो हिन्द वॉशरी नहीं किया है। मै मैट्रिक पास हूॅ, शराब बेचता हूॅ, शराब पीता हूॅ। मै किसके लिये बेचता हूॅ ? मेरी

परिवार की मेरी मजबूरी है। हमारे हित के बारे में सोचते तो मै आज शराब नहीं बेचता। सब अपने हित के लिए मर रहे है। हमारे लिए क्या किये हो ? हिन्द एनर्जी देश में उड़ रहा है और खांडा के लिए क्या किया ? सब जमीन शासन की है। मै क्या करू, क्या मर जाउ, मेरे मरने से क्या बना है कि क्या बन जायेगा ? शिक्षित बेरोजगार, जागो गद्दारो से बचो।

**10.** **श्री श्यामदास मानिकपुरी खांडा :–**सबसे ज्यादा जमीन खांडा की है। यहां के लोग ज्यादा बेरोजगार है। योग्यता के अनुसार बेरोजगार को काम दे।

11. **श्री रतनदास मानिकपुरी, खांडा :–** कोल वॉशरी 10 साल से है। हमारे ग्राम खांडा में बारिश के समय कोल वॉशरी द्वारा कोई व्यवस्था नहीं किया है छोटे–छोटे समस्या का हल हो सके। कोल वॉशरी समस्या का हल करें। गांव के तालाबों में पंप नहीं है पानी की व्यवस्था नहीं है, तालाब सूख गये है, वहां पर पंप लगाये। गांव में अवैध शराब भी बिकता है। खांडा में अवैध शराब को बंद कराने की कृपा करें।

**12.** **श्री महिपालदास मानिकपुरी, खांडा :–**ये जो रास्ता है यहां पर गाडी चलने से धूल धक्कड हो जाता है, गर्दा उडता है। सुबह 1 बार कोल वॉशरी पानी डालता है। बरसात में पानी जम जाता है, आने जाने में समस्या होती है। समस्या का निराकरण करें।

**13.** **श्री रामेश्वर प्रसाद, सरपंच हिण्डाडीह :–**एक दूसरे से जुडे है, उद्योग को सहमति देंगे तो उद्योग हमें सहमति देगा। तालाब, पचरी, भवन, का निर्माण हुआ है। कोल वॉशरी के द्वारा बोर खोदवाया गया है। कोल वॉशरी को पूर्ण समर्थन देता हूँ। ये आन, बान, शान है हिण्डाडीह की। सीएसआर के लिये पूर्ण पैसा है। हिण्डडीह सरपंच को बदनाम किया गया है। मदनभाई द्वारा इतना कहते ही **हो हल्ला शुरू हो गया। कुछ समय बाद शांत हो गया।** हिन्द एनर्जी को समर्थन है।

14. **श्रीमती सावित्री यादव, गतौरा :–** कोल वॉशरी मे हम सब कमाते है। सबको रोजगार मिले।

**15.** **श्री विरेन्द्र कौशिक, सीपत :–**हिण्डाडीह एवं खांडा के बीच कोल वॉशरी चल रहा है। उद्योग आने से क्षेत्र में रोजगार आता है। उद्योग खुलने से समर्थन एवं विरोध होता है। प्लांट के तकनीकी में बदलाव के लिए यह जनसुनवाई हो रहा है। कोयला को तोडने का काम करते है। खेत काला हो जाता है। कोल वॉशरी को वेट वॉशरी बनाने के लिए यह कार्य हो रहा है, ताकि धूल न उडे। नौकरी के लिए प्रबंधन हिन्द वॉशरी के साथ बैठकर नीति बनानी चाहिए, नौकरी के लिए। कमाई का 2 प्रतिशत विकास के काम में हिन्द वॉशरी द्वारा किस काम के लिए करेगा आपस में बैठकर समझे। प्रबंधन के साथ बैठकर एक रास्ता निकालना चाहिए। प्रदूषण कम करने का प्रयास सरकार द्वारा किया जा रहा है इसके लिए जनसुनवाई है, जनता से समर्थन प्राप्त करने के लिए। स्थानीय लोगों को ज्यादा–से ज्यादा रोजगार दे। ट्रांसपोटरो को ज्यादा–से ज्यादा सुविधा दे।

16. **श्रीमती सुलोचनी चंद्राकर, खांडा :–**पानी की मांग कर रही हूँ। हैण्डपंप की व्यवस्था करें। खांडा बस्ती में पानी की बहुत समस्या है। व्यवस्था करें।

17. **श्री ललित शर्मा, खांडा :–**तिवारी सबको बुलाता है और भगा देता है। मेरा 7 एकड जमीन कोल वॉशरी के बगल में है। कंपनी ने अगल बगल आदमी खडा कर दिया है।

18. **श्री पप्पू साहू ग्राम दर्राभाठा :–**कंपनी खुला है, चलते रहेगा। हिन्द एनर्जी खांडा में स्थित है। गांव के बारे में ध्यान रखना चाहिए। खांडा पानी की समस्या से जूझ रहा है। खांडा में पानी की समस्या को हल करें। कैमाडीह में हिन्द एनर्जी का कब्जा है। रोड के धूल धक्कड को खत्म करे। वॉशरी कब्जा को हटाये, आम जनता के लिए रखे। हाईवा टेलर पर कार्यवाही करें। लपरवाही पूर्वक ड्राईवर गाडी चलाता है। 2–4 कार्यवाही होना चाहिए। जनता की मांग है। हमारे क्षेत्र में सडक दुर्घटना को क्षेत्र की जनता जानती है। हिण्डाडीह मे मेरी खेती है फसल के नुकसान को खांडा वाले अच्छे से जानते है। किसान की अनदेखी मत करे। हित में काम करे। ट्रैफिक व्यवस्था होना चाहिए। हम सब समर्थन करें या न करें ? इनका काम नही रूकने वाला है, समर्थन करता हूॅ।

19. **श्री रामजी बिंझवार, हिण्डाडीह :–**हिन्द एनजी स्थापित है। बहुत लोगों को रोजगार मिला है। तालाब में पचरी निर्माण करवाया गया है, बोर करवाकर पानी की समस्या दूर कर दिया है तालाब में। रोजगार उपलब्ध कराये। नियम का पालन करें हिन्द वॉशरी में काम करने वाले जो नियम का पालन नहीं करते है वह निकलता है। समर्थन है।

20. **श्री सतीश पाटनवार, खांडा उप सरपंच :–**समर्थन ही है। मेरा तो व्यक्तिगत राय है फोकट में राय नहीं होता है। हिण्डाडीह और खांडा कोल वॉशरी से ज्यादा प्रभावित है। कोल वॉशरी हमारे लिए वरदान होना चाहिए। क्या करना चाहिए ? इस पर स्टीमेट बनाना चाहिए। वह कार्य होना चाहिए। खांडा मे पानी की कमी हो गई है, वॉशरी के कारण। पानी की समस्या दूर करने के लिए तिवारी जी बोला है, धन्यवाद देता हूॅ। आश्वासन परिणाम में बदलना चाहिए। खांडा के कितने लोगो को नौकरी में लेगा ? बैठकर बताये। पर्यावरण प्रदूषण कम होने वाला है। ड्राई मशीन की जगह वेट मशीन लगने वाला है। पानी की समस्या हल करे। वॉशरी द्वारा पाईप लाईन के माध्यम से पानी गांव तक पहुंचा के दे। धन्यवाद देता हूॅ। पूर्ण समर्थन है।

21. **श्री रामस्नेही कंवर, खांडा :–**क्रेशर से डस्ट उड रहा हैं। कृषि एवं पर्यावरण को नुकसान पहुंचा रहा है। उसको शासन के निर्देश पर परिवर्तन कर रहा है। पानी का उपयोग कर कोयला का क्रेशर करेगा, जिससे प्रदूषण नहीं होगा। मै समर्थन मे हूॅ। स्वास्थ्य, खेती का नुकसान न हो। प्रभावित ग्रामों को क्या मिलना चाहिए ? कोल वॉशरी को समझ लेना चाहिए, अधिक से अधिक रोजगार मिलना चाहिए। पानी की समस्या विकराल है। वॉशरी के कारण पानी का स्त्रोत में कमी आई है। इसका निराकरण हेतु कार्यवाही होनी चाहिए। इसके बारे में सोचना चाहिए। मै समर्थन करता हूॅ।

22. **श्री कान्ता प्रसाद कैवर्त, खांडा :–**समर्थन करता हूॅ। धुल रूकेगा, परिवर्तन होगा, फायदा हुआ है। हमारे गांव के लोग हिन्द एनर्जी में कार्यरत है। बेरोजगारी को दूर करे। पानी की समस्या है। पानी की मांग रखे जा रहे है। पानी का पाईप बिछना है कंपनी यह काम सप्ताह में करा दे। खांडा की बेरोजगारी दूर हो सकें। मुआवजा की राशि भी बढा दी जाये। मुआवजा का भुगतान किया जाये। हमारी मांग पूरी होनी चाहिए। समर्थन है।

23. **श्री लक्ष्यराम कंवर, खांडा :–** मै पढा–लिखा बेरोजगार व्यक्ति हूॅ। योग्यता के सिवा मेरे पास कुछ नहीं है, न एप्रोर्च है न तर्जुबा है। मै काम कर सकता हूॅ। बेरोजगारो को योग्यता के अनुसार रोजगार देने के लिए निवेदन करता हूॅ।

उपरोक्त वक्तव्यों के बाद अतिरिक्त कलेक्टर तथा क्षेत्रीय अधिकारी द्वारा उपस्थित जन समुदाय से अपने विचार व्यक्त करने का अनुरोध किया गया किंतु जब कोई भी व्यक्ति अपने विचार व्यक्त करने हेतु उपस्थित नहीं हुआ तब लगभग 3.13 बजे अतिरिक्त कलेक्टर द्वारा लोक सुनवाई के दौरान आये विभिन्न मुद्दों के निराकरण हेतु परियोजना प्रस्तावक को आमंत्रित किया गया।

प्रस्तावित परियोजना प्रस्तावक की ओर से श्री सुभाशिष मित्रा, महाप्रबंधक **मेसर्स हिन्द इनर्जी एण्ड कोल बेनिफिसिएशन (इंडिया) लिमिटेड, ग्राम–हिण्डाडीह, तहसील–मस्तुरी, जिला–बिलासपुर (छ.ग.)** के द्वारा परियोजना के संबंध में लोक सुनवाई के दौरान उठाये गये मुख्य मुद्दों के निराकरण हेतु मौखिक रूप से उपस्थित जन समुदाय को अवगत कराया गया। लगभग 3.16 बजे अतिरिक्त कलेक्टर द्वारा लोकसुनवाई सम्पन्न होने की घोषणा की गई।

लोकसुनवाई स्थल पर लिखित में 84 सुझाव/विचार/टीका–टिप्पणी एवं आपत्ति प्राप्त हुई। स्थल पर उपस्थित प्रत्येक व्यक्ति को आवेदक से परियोजना पर सूचना/स्पष्टीकरण प्राप्त करने का अवसर दिया गया। लोक सुनवाई के दौरान 23 व्यक्तियों के द्वारा मौखिक सुझाव/विचार/ टीका–टिप्पणी एवं आपत्तियां अभिव्यक्त की गई, जिसे अभिलिखित किया गया। लोक सुनवाई में लगभग 300 व्यक्ति उपस्थित थे। उपस्थिति पत्रक पर कुल 123 व्यक्तियों द्वारा हस्ताक्षर किया गया। आयोजित लोक सुनवाई की वीडियोग्राफी एवं फोटोग्राफी कराई गई।

**क्षेत्रीय अधिकारी**
छ0ग0 पर्यावरण संरक्षण मंडल,
बिलासपुर

**अतिरिक्त कलेक्टर**
बिलासपुर,